# 4-6 मार्च 2017 को रायपुर के 36वें अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् महाधिवेशन में सहभागिता हेतु स्नेहिल आमंत्रण

स्नेही स्वजन बन्धु,

भारतीय संस्कृति की समृद्ध नैसर्गिक स्वास्थ्य परम्परा हमें विरासत में मिली है। **"वसुधैव कुटुम्बकम्"**, ही हमारी दृष्टि रही है। मनुष्य का भी लक्ष्य सर्वभौमिक समृद्धि की स्थापना ही रहा है। यह समृद्धि भी स्वस्थ तन-मन व आत्मा के परस्पर समन्वय से ही संभव है। हमारा प्राकृतिक तंत्र भी पूर्ण शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक स्वास्थ्य के माध्यम से आरोग्य कामना हेतु सक्रिय व विकसित रहा है।

हमारे अप्राकृतिक आचार-विचार, व्यवहार से ही यह प्राकृतिक तंत्र विकृत हुआ इससे हम दुर्गति के कगार पर पहुँच रहे हैं। हम इसी प्राकृतिक तंत्र (पंच तात्विक) की पुर्नस्थापना कर प्रकृति के साथ परस्पर समन्वय से ही स्वावलम्बी, स्वस्थ एवं समृद्ध बन सकेंगे। इसी आरोग्य कामना की पूर्ति हेतु हम परस्पर संगठित हों, व्यवस्थित कार्य योजना बनाने एवं अपने कार्यों पर विचार विनियम के सहभागी बनें, यही इस संगठन का उद्देश्य रहा है। वर्ष में कम से कम एक बार हम सभी परस्पर मिल बैठकर अपने कार्यों का मूल्यांकन करें, आगे के कार्यों की सुनियोजित योजना बनायें, हम सबके मतभेद दूर हो और पुनः नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ परस्पर सहयोगी व सहभागी बनें, यही हमारा संकल्प रहा है।

विकास के इसी क्रम में अ.भा.प्रा.चि. परिषद का यह 36वाँ महाअधिवेशन 4, 5, 6 मार्च 2017 को शहीद स्मारक भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर में आयोजित हो रहा है। यह उचित अवसर है अपने विद्वत् संरक्षकों, मार्गदर्शकों, सुधी शुभचिन्तकों, माननीय सदस्यों, कर्मठ प्रशिक्षुओं, सुयोग्य चिकित्सकों, कर्मयोगियों, निपुण संस्था प्रतिनिधियों, दक्ष सहकारी व सरकारी संस्था पदाधिकारियों के साथ परस्पर विचार विनिमय का।

इसी अवसर पर ज्ञानवर्धक विचारोत्तेजक स्मारिका **"उल्लास"** भी प्रकाशित हो रही है। सम्मेलन स्थल पर आरोग्य मेला भी लगेगा। आरोग्य मेले में आपके सहयोग से चिकित्सा परामर्श एवं उपचार, साहित्य, उपचार उपकरण, खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पाद, परम्परागत स्थानीय उत्पादों का भी प्रदर्शन होगा। सम्मेलन का समापन स्वास्थ्य संदेश यात्रा के साथ हो ऐसा प्रयत्न है। संस्था के शुभाकांक्षी प्रत्यक्ष या परोक्ष जुड़े प्रत्येक महानुभावों के तन-मन-धन के सहयोग से ही यह संकल्प अवश्य सफल हो सकेगा इसका हमें पूर्ण विश्वास है।

कार्यक्रम नियोजन की सुविधा हेतु यह आवश्यक है कि आप जिस भी रूप में सक्रिय सहभागिता व सहयोग कर रहे हों से संबंधित पूर्ण लिखित जानकारी, वक्तव्य, सुझाव, लेख, विचार, प्रस्तुतीकरण हेतु आवश्यक उपकरण या सुविधा, पृथक निजी आवासीय व्यवस्था व वापसी यात्रा व्यवस्था, स्मारिका हेतु लेख व विज्ञापन, स्टाल हेतु आवश्यक स्थान आदि की जानकारी हमें विलम्बतम् 15 फरवरी 2017 तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

**सहयोगाकाँक्षी :**


**पद्मश्री डॉ0 महादेव प्रसाद पाण्डेय**
अध्यक्ष, आयोजन समिति
36वाँ प्राकृतिक चिकित्सा महाधिवेशन रायपुर
817, सुन्दर नगर कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़
मो0: 9300532060

**केयूर भूषण**
स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व सांसद,
अध्यक्ष अ.भा.प्रा.चि.प. नई दिल्ली-110002
247, सुन्दर नगर, रायपुर फोन-07712243524

**डॉ. छगन लाल सोनवानी**
अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्राकृतिक चिकित्सा परिषद
आरोग्य मंदिर, 25, शाला मार्ग, चौबे कालोनी, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 07712254397, 9425519927

**संपर्क सूत्रः गौतम बन्धोपाध्याय मंत्री गांधी विचार मंच : 9826171304, डॉ० विवेक भारती ( निदेशक-आरोग्य मंदिर )-9826151203**
**दिल्ली कार्यालयः 011-23317396, 09873392995 Email: yognatureabpep@gmail.com**


**नोटः** रायपुर, छत्तीसगढ़ की राजधानी है तथा रेलवे का मुख्य जंक्शन स्टेशन है। यहाँ के लिए पूरे भारतवर्ष से अनेकों गाड़ी आती व जाती हैं। इसके निकट धार्मिक व पर्यटन स्थल होने के कारण हवाई मार्ग से भी जुड़ा है।

---

## प्रस्तावित कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 04-03-2017 | प्रातः 8:00 से 11:00 प्रतिनिधि किट वितरण, अल्पाहार, 11 से 1 बजे तक उद्घाटन सत्र, दोपहर 1:00 से 2:45 तक भोजन,<br>सायं 3:00 से 4:30 चर्चा-चिकित्सा जगत की चुनौतियाँ व समाधान, 4.30 से 6.30 सायंन चर्चा-लोकोपयोगी निसर्गोपचार के प्रचार-प्रसार की कार्य योजना<br>सायं 6:30 से 8:00 आनन्द उत्सव/कवि सम्मेलन, तदोपरान्त रात्रि 8:00 से 9:00 भोजन |
| 05-03-2017 | प्रातः 6:00-7:00 "आओ स्वास्थ्य के लिए दौड़ें" नगर जनसहभागिता व जागरूकता कार्यक्रम, तदोपरान्त अल्पाहार,<br>प्रातः 9:00 से 11:00 वैज्ञानिक सत्र 1-प्राकृतिक उपचार संसाधनों, (आहार, जल, एक्युप्रेशर) की सार्थकता का मूल्याँकन<br>दोपहर 11:15 से 1:00 वैज्ञानिक सत्र 2-प्राकृतिक उपचार संसाधनों (मिट्टी, योग व अन्य) की सार्थकता का मूल्यांकन, तदोपरान्त भोजन,<br>सायं 3:00 से 4:30 स्मृति व्याख्यान-नैसर्गिक स्वास्थ्य एवं समृद्धि, तदोपरान्त चर्चा-विभिन्न प्रान्तों में प्रचलित नैसर्गिक स्वास्थ्य परम्पराओं की प्रासांगिकता का पुनरावलोकन, तदोपरान्त लोक झंकार सांस्कृतिक चेतना कार्यक्रम/कार्यकारिणी बैठक, तदोपरान्त भोजन |
| 06-03-2017 | प्रातः 5:30 से 7:30 ग्राम स्वास्थ्य संदेश पदयात्रा एवं वृक्षारोपण, तदोपरान्त अल्पाहार<br>प्रातः 8:30 से 10:45 अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् की खुली बैठक (आम सभा)<br>सायं 11:00 से 1:00 निसर्गोपचार पुनर्बोध व्याख्यान, तदोपरान्त भोजन, तदोपरान्त सायं 2:30 से 4:30 सम्मान एवं समापन समारोह |

**स्मारिका विज्ञापन सहयोग राशि—**शुल्क निम्नवत है (विज्ञापन 25 फरवरी, 2017 तक ही शुल्क सहित भेजने पर स्वीकार होंगे):–

| | | | |
|---|---|---|---|
| एक पिछला बाहरी कवर पृष्ठ रंगीन | – ₹ 20,000/– | एक भीतरी कवर पृष्ठ रंगीन | – ₹ 18,000/– |
| अन्दर के शेष पूरे एक पेज रंगीन हेतु | – ₹ 15,000/– | अन्दर के शेष पूरे एक पेज एक रंग में | – ₹ 12,000/– |
| अन्दर के शेष आधे पेज हेतु एक रंग में | – ₹ 6,000/– | अन्दर के पेज के चौथाई भाग हेतु एक रंग में | – ₹ 3,000/– |

मेला स्टॉल (7×5 फिट) व एक मेज 2 कुर्सी हेतु – ₹ 5,000/– एक नि:शुल्क प्रतिनिधि पंजीकरण सहित

**प्रतिनिधि पंजीकरण राशि—**नि:शुल्क किट, 4-6 मार्च 2017 की गांधीयन आश्रम पद्धति पर सामूहिक आवासीय व भोजन व्यवस्था हेतु

**केवल 15 फरवरी 2017 तक आवेदन करने पर – ₹ 1000/-**

**इसके उपरान्त 3 मार्च 2017 तक आवेदन करने पर – ₹ 1500/-**

परन्तु भोजन के अतिरिक्त अन्य सुविधायें उपलब्धता पर ही देय होगी।

**इस संस्था से सम्बद्ध सभी वैध प्रशिक्षुओं, सदस्यों, सम्बद्ध संस्था के एक अधिकृत प्रतिनिधि को इससे सम्बन्धित मूल अभिलेख की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने पर पंजीकरण शुल्क में 50% रियायत दी जाएगी** लेकिन यह साक्ष्य मूल रूप में अधिवेशन स्थल पर वैधानिक पते के साक्ष्य सहित लाना अनिवार्य है। पलंग युक्त विशेष आवासीय या वातानुकूलित आवासीय सुविधा हेतु क्रमश: 300, 750 रुपये अलग से व्यवस्था शुल्क के साथ निवेदन सहित जमा करना होगा। पृथक स्वतंत्र निजी आवासीय सुविधा चाहने वाले महानुभावों को वांछित सुविधाओं की जानकारी देते हुए अपने आवासीय पते के प्रमाण सहित ₹ 1000/– अग्रिम भेजते हुए 25 फरवरी 2017 तक आवेदन करना अनिवार्य है। रेल किराया रियायत फार्म पंजीकरण कराने के बाद कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

---

## 4-6 मार्च 2017 अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् रायपुर महाधिवेशन पंजीकरण प्रपत्र

(केवल बड़े स्पष्ट अक्षरों में अभिलेख सहित भरकर भेजने पर मान्य)

फोटो

नाम
Name ______________________

जन्म तिथि
Date of Birth __ __ / __ __ / __ __ __ __

लिंग
Sex ____

नागरिकता
Nationality ________

हस्ताक्षर

इस परिषद् की सदस्यता/सम्बद्धता/प्रशिक्षु सम्बन्धी संख्या/अनुक्रमाँक:
Roll/Seqience No of Trainee/Member/Affiliation of this Parishad : ________

सम्बन्धित प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया/स्कैन प्रतिलिपि संलग्न करें। Attach the Scan/Attested relevent document for proof.

फोन नं०/Ph. No.: .................................Email: .................................. Website: ..............................

पूरा पता/Full Add.: ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

पते का प्रमाणित साक्ष्य संलग्न करें। Scan/Attach the certified document of address proof.

जमा शुल्क का विवरण व दिनांक:
Detail of Fee paid with date : ________

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर
Full Signature of Applicant